लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 343

17 नवम्बर, 2016 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

343. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान वस्त्र क्षेत्र में हुए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वस्त्र क्षेत्र में नियोजित कामगारों की बिहार सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या वस्त्र क्षेत्र में निवेश में वृद्धि से इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या गत तीन वर्षों के दौरान देश में अधिक वस्त्र पार्क स्थापित किए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान वस्त्र क्षेत्र में किए गए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीचे दर्शाया गया है:

वर्ष	**एफडीआई (मिलियन अमरीकी डॉलर में)**
2013-14	198.86
2014-15	197.42
2015-16	230.13

स्रोत: डीआईपीपी

(ख) और (ग): वर्ष 2010-11 और 2013-14 के लिए उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) के अनुसार वस्त्र एवं वियरिंग अपैरल क्षेत्र में निवेश के साथ-साथ वस्त्र एवं वियरिंग अपैरल क्षेत्र में कार्यरत लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है जिसे नीचे दर्शाया गया है:

वर्ष	**निवेशित राशि (लाख रुपए में)**	**कुल कार्यरत व्यक्ति (संख्या)**
2010-11	19880543	2323820
2013-14	30488488	2474903

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत वस्त्र पार्कों का विवरण अनुबंध-। पर दिया गया है।

अनुबंध-I

<u>पिछले तीन वर्षों के दौरान एसआईटीपी के अंतर्गत वस्त्र पार्क</u>

क्र.सं.	पार्क का नाम	स्थान	राज्य	स्वीकृत तिथि	स्थिति
1	गुंटूर टेक्सटाइल पार्क	गुंटूर	आंध्र प्रदेश	20.09.2014	स्वीकृत
2	तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क प्रा.लि.	नेल्लोर	आंध्र प्रदेश	24.03.2015	स्वीकृत
3	गौतम बुद्ध टेक्सटाइल पार्क	गुंटूर	आंध्र प्रदेश	11-09-2014	स्वीकृत
4	प्राग ज्योति टेक्सटाइल पार्क	दारंग	असम	20.09.2014	स्वीकृत
5	अमितारा ग्रीन हाई-टेक टेक्सटाइल पार्क	खेडा	गुजरात	20.09.2014	स्वीकृत
6	पलसाना टेक्सटाइल पार्क	सूरत	गुजरात	20.09.2014	स्वीकृत
7	शांति टेक्सटाइल पार्क गुजरात	सूरत	गुजरात	20.09.2014	स्वीकृत
8	एनएसपी इन्फ्रास्ट्रक्चर	सूरत	गुजरात	06.08.2015	स्वीकृत
9	करंज एकीकृत टेक्सटाइल पार्क	सूरत	गुजरात	02.02.2016	स्वीकृत
10	शाहलोन टेक्सटाइल पार्क	सूरत	गुजरात	30.06.2016	स्वीकृत
11	आलीशान ईको टेक्सटाइल पार्क प्रा. लि.	पानीपत	हरियाणा	24.03.2015	स्वीकृत
12	कश्मीर वूल एंड सिल्क टेक्सटाइल पार्क	घट्टी	जे एंड के	20.09.2014	स्वीकृत
13	धूले टेक्सटाइल पार्क	धूले	महाराष्ट्र	15.10.2014	स्वीकृत
14	सत्यराज एकीकृत टेक्सटाइल पार्क	कोल्हापुर	महाराष्ट्र	15.10.2014	स्वीकृत
15	श्री गणेश एकीकृत टेक्सटाइल पार्क प्रा. लि.	धूले	महाराष्ट्र	24.03.2015	स्वीकृत
16	हिंगनघाट एकीकृत टेक्सटाइल पार्क	विदर्भ	महाराष्ट्र	24.03.2015	स्वीकृत
17	श्रीनाथ एकीकृत टेक्सटाइल पार्क	भीलवाड़ा	राजस्थान	06-08-2015	स्वीकृत
18	ईकोटेक्स टेक्सटाइल पार्क एंड अपैरल पार्क प्रा. लि.	मीरगंज	उत्तर प्रदेश	24.03.2015	स्वीकृत
19	फर्रुखाबाद टेक्सटाइल पार्क प्रा.लि.	फर्रुखाबाद	उत्तर प्रदेश	02.02.2016	स्वीकृत

******